# मेवाड़ विश्वविद्यालय में छठा दीक्षान्त समारोह आज

गंगरार, 15 अप्रेल (जसं.) । मेवाड़ विश्वविद्यालय के छठे दीक्षान्त समारोह का आयोजन शनिवार को भारत सरकार की लोकपाल सदस्या अर्चना सुन्दरम के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

समारोह की मुख्य अतिथि अर्चना सुन्दरम के गुरुवार को उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनिया सिंगला ने उनकी अगुवाई की। दीक्षान्त समारोह में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मन्दसौर विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत, एनसीसी कमाण्डर कर्नल तेजेन्दर शर्मा आदि के साथ-साथ वण्डर सीमेन्ट, जेके लक्ष्मी सीमेन्ट एवं जेके टायर्स आदि संस्थानों के प्रतिनिधि भी अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे।

इस दीक्षान्त समारोह में 1400 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

Jannayak 16-04-2022

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में दीक्षान्त समारोह आज

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय का छठा दीक्षान्त समारोह शनिवार को आयोजित होगा। समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की लोकपाल सदस्या अर्चना सुन्दरम होंगी। इसके अलावा समारोह में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मन्दसौर विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत, एनसीसी कमाण्डर कर्नल तेजेन्दर शर्मा आदि उपस्थित रहेंगे।

Dainik Navajyoti 16-04-2022

# मेवाड़ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आज

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय के छठे दीक्षान्त समारोह का शनिवार को होगा। मुख्य अतिथि भारत सरकार की लोकपाल सदस्या अर्चना सुन्दरम होंगी। दीक्षान्त समारोह में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मन्दसौर विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत, एनसीसी कमाण्डर कर्नल तेजेन्दर शर्मा के साथ-साथ वण्डर सीमेन्ट, जे.के. लक्ष्मी सीमेन्ट एवं जे.के. टायर्स के प्रतिनिधि भी अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसमें 1400 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएगी।

Rajasthan Patrika 16-04-2022

# अर्चना सुंदरम गंगरार आईं, दीक्षांत समारोह में आज शामिल होंगी

भास्कर संवाददाता | गंगरार

विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। मुख्य अतिथि भारत सरकार की लोकपाल सदस्य अर्चना सुंदरम होंगी। सहायक प्राध्यापक डॉ. सोनिया सिंगला ने सुंदरम की उदयपुर एयरपोर्ट पर अगवानी की। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मंदसौर विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरतसिंह रावत, एनसीसी कमांडर कर्नल तेजेंद्र शर्मा भी अतिथि होंगे। समारोह में 1400 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।

Dainik Bhaskar 16-04-2022